

मुंशी काली प्रसाद जी

संस्थापक

66 स्वर्णिम वर्ष



चौधरी राघवेन्द्र नाथ सिंह

अध्यक्ष, कायस्थ पाठशाला



प्रो. गीतांजलि मौर्य

प्राचार्या

# प्रवेश सूचना विवरणिका

## 2026 - 2027

# कुलभास्कर आश्रम स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## प्रयागराज

( यू.जी.सी. चयनित उच्च गुणवत्ता क्षमता युक्त महाविद्यालय व नैक द्वारा A ग्रेड प्रत्यायित )




Web: www.kulbhaskarpgcollege.org | Email: kapgcollegealld@gmail.com

# महाविद्यालय परिचय

कुलभास्कर आश्रम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, प्रयागराज (अनुदानित महाविद्यालय) राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कायस्थ पाठशाला न्यास द्वारा संचालित संस्थाओं में एक अग्रणी संस्था है। इस न्यास की स्थापना इस युग के महान मनीषी एवं दानवीर मुंशी काली प्रसाद कुलभास्कर द्वारा 1872 में की गयी थी। वर्तमान में यह न्यास अनेक संस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित कर रहा है, जिनमें नर्सरी से लेकर परास्नातक स्तर के अध्ययन-अध्यापन का कार्य होता है।

मुंशी जी की इन्हीं भावनाओं से प्रेरित होकर स्व0 बाबू बृज बिहारी सहाय जी ने कुलभास्कर आश्रम की स्थापना की। प्रारम्भ में इसकी स्थापना कायस्थ पाठशाला के विद्यार्थियों हेतु छात्रावास के रूप में हुई। कुलभास्कर आश्रम का निरंतर विकास बाबू बृज बिहारी सहाय के अनवरत परिश्रम एवं लगन का परिणाम है। यह आश्रम 1944-45 में हाईस्कूल, 5 वर्षों पश्चात् इण्टरमीडिएट तथा 1960 में आगरा विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त कर, कृषि स्नातक स्तर पर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त महाविद्यालय बन गया। 1965 में कृषि स्नातकोत्तर विषयों,1970 में विज्ञान संकाय में जीव विज्ञान संवर्ग एवं गणित संवर्ग तथा 1992 में कम्प्यूटर एप्लीकेशन विषय में मान्यता प्राप्त कर अग्रणी शिक्षण संस्थान बन गया था। रोज़गार परक शिक्षण प्रशिक्षण हेतु कुलभास्कर इन्स्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज़ के अन्तर्गत बी0एससी0 (बॉयोटेक्नोलाज़ी), बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 एवं बी0कॉम0 पाठ्यक्रम पिछले 10 वर्षो से संचालित हैं।

महाविद्यालय आज न केवल उत्तर प्रदेश की शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है वरन् सुदूर दक्षिण, उत्तर पूर्व एवं पूर्वी क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु आकर्षित करता है। अपने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षण के साथ-साथ सरल, मितव्ययी, अनुशासित, परिश्रमी, आत्मनिर्भर एवं देश भक्त बनाने में यह महाविद्यालय दृढ़ संकल्पित है। उच्च शिक्षा के अतिरिक्त छात्र, छात्राओं का सर्वांगीण विकास इसका प्रमुख लक्ष्य है। 1960 में स्थापित इस महाविद्यालय ने अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण करते हुए 2010 में "स्वर्ण जयंती" समारोह मनाया।

महाविद्यालय परिसर एवं छात्रावास से लगा हुआ शहर के मध्य में लगभग 20 एकड़ का कृषि प्रदर्शन फार्म है, इसके अतिरिक्त उजहनी (251 एकड़), सेमरी (25 एकड़), जोगीपुर (100 एकड़) के कृषि फार्म भी हैं। महाविद्यालय के पास क्रीडा स्थल, जिम तथा सेमिनार हाल भी है। कुलभास्कर इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज़ तथा जैव प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला, व्याख्यान कक्ष, स्मार्ट शिक्षण कक्ष एवं जैव प्रौद्योगिकी सेमिनार हाल पूर्ण रूप से उपयोग में हैं। महाविद्यालय में अँग्रेजी भाषा प्रयोगशाला तथा ई-पुस्तकालय की सुविधा भी उपलब्ध है।

महाविद्यालय यू0जी0सी0 द्वारा उच्च गुणवत्ता क्षमतायुक्त महाविद्यालय के रूप में चयनित प्रदेश के चुनिंदा महाविद्यालयों में रह चुका है। यह महाविद्यालय **NAAC** द्वारा प्रत्यायित है तथा इसे 3.07/4 अर्थात् **'A'** ग्रेड प्राप्त हुआ है। महाविद्यालय के डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद छात्रावास में लगभग 110 छात्रों हेतु आवासीय व्यवस्था उपलब्ध है।

## महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम | सीटों की संख्या | प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता | प्रवेश का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बी.एससी. कृषि (आनर्स) | 80 | इण्टरमीडिएट कृषि वर्ग/गणित वर्ग/ बायो वर्ग | महाविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर<br><br>प्रवेश पत्र महाविद्यालय की साइट से दिनांक 08/07/2026 से डाउनलोड किये जा सकते हैं। |
| 2. | एम.एससी. कृषि (कृषि अर्थशास्त्र) | 10 | बी.एससी. (कृषि) | |
| 3. | एम.एससी. कृषि (मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन) | 10 | बी.एससी. कृषि/बी.एससी. उद्यानिकी/ बी.एससी. वानिकी | |
| 4. | एम.एससी. कृषि (कृषि प्रसार) | 10 | बी.एससी. कृषि/बी.एससी. उद्यानिकी/ बी.एससी. वानिकी एवं बी.एफ.एस.सी. | |
| 5. | एम.एससी. कृषि (उद्यान विज्ञान) | 10 | बी.एससी. कृषि/बी.एससी. उद्यानिकी | |
| 6. | एम.एससी.कृषि (आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन) | 10 | बी.एससी. कृषि/बी.एससी. उद्यानिकी/ बी.एससी. वानिकी | |
| 7. | बी.एससी. (गणित)<br>गणित, भौतिकी, रसायन/कम्प्यूटर-एप्लीकेशन */ शारीरिक शिक्षा | 160 + 160 =320 | इण्टरमीडिएट गणित वर्ग | आगमन वरीयता के आधार पर |
| 8. | बी.एससी. (बायो)<br>जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन/ कम्प्यूटर एप्लीकेशन*/ शारीरिक शिक्षा | | इण्टरमीडिएट जीव विज्ञान वर्ग | |
| 9. | बी.कॉम. | 120 | इण्टरमीडिएट (कॉमर्स वर्ग/ गणित वर्ग/बायो वर्ग) | |
| 10. | बी.एससी. (बायो टेक्नोलॉजी) | 60 | इण्टरमीडिएट जीव विज्ञान वर्ग | |
| 11. | बी.बी.ए. | 60 | इण्टरमीडिएट | |
| 12. | बी.सी.ए. | 60 | इण्टरमीडिएट गणित वर्ग/कम्प्यूटर/सांख्यिकी | |

*60 सीटें रू. 6,000/- प्रति वर्ष अतिरिक्त शुल्क के आधार पर उपलब्ध ।

## महाविद्यालय में शोध (पीएच. डी.) हेतु उपलब्ध विषय

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम | प्रवेश का आधार |
|---|---|---|
| 1. | एम.एससी. कृषि (कृषि अर्थशास्त्र) | वि0वि0 द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर |
| 2. | एम.एससी. कृषि (कृषि प्रसार) | |
| 3. | एम.एससी.कृषि (आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन) | |
| 4. | एम.एससी. कृषि (मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन) | |
| 5. | एम.एससी. कृषि (उद्यान विज्ञान) | |

## प्रवेश हेतु अतिरिक्त योग्यता

(अ) स्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु भारत के किसी भी बोर्ड से इण्टरमीडिएट परीक्षा में सामान्य/पिछड़े वर्ग के अभ्यार्थियों के लिए 40 प्रतिशत, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए 35 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं ।

(ब) परास्नातक में प्रवेश हेतु स्नातक परीक्षा में सामान्य/पिछड़े वर्ग के अभ्यार्थियों के लिए 40 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 35 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं ।

(स) अध्ययन अन्तराल की दशा में अभ्यर्थियों को रूपये 10/- के हलफनामा में इस विषय का शपथ पत्र देंगे कि इस अन्तराल में उनके द्वारा क्या कार्य किये गये हैं ।

## प्रवेश में आरक्षण एवं छूट

(अ) आरक्षण एवं अधिभार का लाभ विश्वविद्यालय के नियमानुसार देय होगा ।

(ब) संबंधित वैध प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है ।

## प्रवेश प्रक्रिया की समय-सारिणी

| क्र.स. | पाठ्यक्रम | गतिविधि | तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.एससी., बी.कॉम., बी.एससी.बायोटेक, बी.बी.ए. एवं बी.सी.ए. | 1. प्रवेश प्रारम्भ<br>2. प्रवेश की अन्तिम तिथि | 01 मई, 2026<br>15 जुलाई, 2026 |
| 2. | बी.एससी. कृषि एवं एम.एससी.कृषि | 1. आवेदन प्रारम्भ<br>2. आवेदन की अन्तिम तिथि<br>3. प्रवेश पत्र डाउनलोड प्रारम्भ<br>4. प्रवेश परीक्षा की तिथि | 1 मई, 2026<br>05 जुलाई, 2026<br>08 जुलाई, 2026<br>15 जुलाई, 2026 |

महाविद्यालय की प्रवेश परीक्षा की तिथि में यदि कोई परिवर्तन होता है, तो इसकी सूचना कॉलेज की वेबसाइट www.kulbhaskarpgcollege.org पर तथा महाविद्यालय सूचनापट्ट पर प्रेषित की जायेगी ।

## मूल अभिलेख

प्रवेश के समय अभ्यार्थियों को निम्नलिखित मूल अभिलेख एवं प्रत्येक की दो स्वप्रमाणित छाया प्रति प्रस्तुत करनी होगी ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. हाईस्कूल अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र | 2. इण्टरमीडिएट अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र | 3. स्नातक अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र |
| 4. माइग्रेशन/स्थानान्तरण प्रमाण पत्र | 5. जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) | 7. तीन रंगीन छाया चित्र |
| 8. अधिभार प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) | 6. ई.डब्लू.एस. प्रमाण पत्र (उ.प्र.राज्य का) | |

## स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए विज्ञान संकाय के अन्तर्गत विषय संयोजन

विश्वविद्यालय स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर चयन हेतु उपलब्ध विषयों को तीन समूहों (Group-A, Group-B, Group-C) में विभक्त करते हुए निम्नांकित तालिका में सूचीबद्ध किया गया है । राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अनुशंसा के अनुरूप तथा विश्वविद्यालय व्यवस्था के दृष्टिगत स्नातक प्रथम सेमेस्टर में विज्ञान संकाय के अन्तर्गत प्रवेश के समय निम्नांकित तालिका से 02 मेज़र तथा 01 माइनर विषयों का चुनाव/चयन सम्बधी निर्देशों का अनुपालन करते हुए किया जाना होगा । विश्वविद्यालय द्वारा प्रक्रिया परिवर्तन की दशा में पृथक से अधिसूचना जारी की जाएगी ।

| Group-A | Group-B | Group-C |
|---|---|---|
| 1- Physics | 1- Chemistry | 1- Botany |
| 2- Mathematics | 2- Computer Application | 2- Zoology |
| | 3- Physical Education | |

## विज्ञान संकाय विषय-चयन सम्बन्धी निर्देश

(i) विद्यार्थी Group-A, Group-B एवं Group-C से दो मेजर तथा एक माइनर विषय का चयन करेंगे ।

(ii) Group-A से विषयों का चयन विद्यार्थी तभी कर सकता है जब उसने इण्टरमीडिएट Physics और Mathematics के साथ उत्तीर्ण किया हो ।

(iii) Group-C से विषयों का चयन विद्यार्थी तभी कर सकता है जब उसने इण्टरमीडिएट Biology के साथ उत्तीर्ण किया हो ।

(iv) Group-B के विषयों में से Chemistry का चयन तभी कर सकता है, जब इण्टरमीडिएट में Chemistry का अध्ययन किया हो ।

## वाणिज्य संकाय

वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत तीन मेज़र तथा दो माइनर विषय का चयन बी0कॉम0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रदत्त व्यवस्था के अनुसार करना होगा ।

## विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय हेतु छात्रो के लिए अनिवार्य सह-पाठ्यक्रम (Co-Curricular Courses)

(a) स्नातक के विद्यार्थी को प्रति सेमेस्टर के क्रम में निर्धारित सह पाठ्यक्रम का अध्ययन अनिवार्यतः करना होगा ।
(b) अनिवार्य सह पाठ्यक्रमों का सेमेस्टर के अनुक्रम में वितरण निम्नवत् है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1st semester | Vocational/Skill Enhancement Course<br>Value Added Course (Select any one)<br>1. Understanding India<br>2. Environmental Studies | किसी एक का चयन करें। |
| 2nd semester | Abilty Enhancement Course-Hindi Bhasha Kaushal evam Sanchar | अनिवार्य |
| 3rd semester | Vocational/Skill Enhancement Course<br>Value Added Course (Select any one)<br>1. Digital and Technological Solutions<br>2. Health and Wellness<br>3. NCC<br>4 NSS<br>5. Rovers and Rangers | किसी एक का चयन करें। |
| 4th semester | Ability Enhancement Course-English Lanugage Skill and Communication | अनिवार्य |

## विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के छात्रों हेतु कौशल आधारित पाठ्यक्रमों (Vocational Courses) की सूची

| | पाठ्यक्रम सूची | |
|---|---|---|
| 1. | Basics of Computer Applications | Computer Department |
| 2. | Computer Applications | |
| 3. | Communication Skills | Extension Department |
| 4. | Yoga & Fitness | Phy. Edu. Department |
| 5. | Gardening | Horticulture Department |
| 6. | Food Processing | Botany Department |

स्नातक स्तर पर अनिवार्य सह पाठ्यक्रम (Co-Curricular Courses) के अध्ययन के महत्वपूर्ण नियम व शर्तें विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश निर्देशिका के अनुसार लागू होंगी ।

## शुल्क विवरण
## FEES DETAIL (I$^{st}$ & II$^{nd}$ Semester Students) Session 2026-27

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम | शुल्क रू. में | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य/ओ.बी.सी. छात्र | | सामान्य/ओ.बी.सी. छात्रा | | एस.सी. / एस.टी. छात्र एवं छात्राएं | |
| | | Ist Sem. | IInd Sem. | Ist Sem. | IInd Sem. | Ist Sem. | IInd Sem. |
| 1. | बी.एससी. कृषि (आनर्स) | 5846/- | 1570/- | 5656/- | 1570/- | 2665/- | 1350/- |
| 2. | बी.एससी. ( गणित वर्ग ) गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान/शारीरिक शिक्षा | 4686/- | 1370/- | 4496/- | 1370/- | 2465/- | 1150/- |
| | बी.एससी. ( गणित वर्ग ) गणित, भौतिकी, कम्प्यूटर अप्लीकेशन | 5039+6000 = 11039/- | 1370/- | 4849+6000 = 10849/- | 1370/- | 2815+6000 = 8465/- | 1150/- |
| 3. | बी.एससी. ( बायो वर्ग ) जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान/शारीरिक शिक्षा | 4926/- | 1370/- | 4736/- | 1370/- | 2465/- | 1150/- |
| | बी.एससी. ( बायो वर्ग ) जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, कम्प्यूटर अप्लीकेशन | 4926+6000 = 10926/- | 1370/- | 4736+6000 = 10736/- | 1370/- | 2465+6000 = 8465/- | 1150/- |
| 4. | बी.एससी. ( बायो टेक्नोलॉजी ) | 26000/-* | - | 26000/-* | - | 26000/-* | - |
| 5. | बी.बी.ए. | 21000/-* | - | 21000/-* | - | 21000/-* | - |
| 6. | बी.सी.ए. | 24300/-* | - | 24300/-* | - | 24300/-* | - |
| 7. | बी.कॉम. | 12600/-* | - | 12600/-* | - | 12600/-* | - |
| 8. | एम.एससी. कृषि (कृषि अर्थशास्त्र) | 4891/- | 1505/- | 4641/- | 1505/- | 2600/- | 1285/- |
| 9. | एम.एससी. कृषि (कृषि प्रसार) | 4891/- | 1505/- | 4641/- | 1505/- | 2600/- | 1285/- |
| 10. | एम.एससी कृषि (आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन) | 4891/- | 1505/- | 4641/- | 1505/- | 2600/- | 1285/- |
| 11. | एम.एससी. कृषि (मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन) | 4891/- | 1505/- | 4641/- | 1505/- | 2600/- | 12385/- |
| 12. | एम.एससी कृषि (उद्यान विज्ञान) | 4891/- | 1505/- | 4641/- | 1505/- | 2600/- | 1285/- |

दो किश्तों में जमा करने की सुविधा ।

नोटः-

1. यदि विश्वविद्यालय शुल्क (फीस) में कोई परिवर्तन करता है, तो छात्रों द्वारा देय होगा ।
2. प्रवेश लेने के उपरान्त किसी दशा में शुल्क (फीस) वापस नहीं की जायेगी ।
3. अपराधिक मुकदमा लम्बित होने अथवा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाये जाने की स्थिति में अभ्यर्थी के प्रवेश के सम्बन्ध में प्रवेश समिति द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम होगा ।
4. द्वितीय सेमेस्टर में प्रवेश के समय विश्वविद्यालय का परीक्षा शुल्क जमा करना होगा ।

## प्रवेश परीक्षा सम्बन्धी विवरण

| पाठ्यक्रम | प्रश्नपत्र | प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| B.Sc. (Ag) | English Language | 10 |
| | General Awareness | 10 |
| | Reasoning | 10 |
| | Subject : Agriculture/Biology/ Mathmatics (Any one) | 70 |
| | कुल अंक | 100 |
| M.Sc. (Ag) | English Language | 10 |
| | General Awareness | 10 |
| | Reasoning | 10 |
| | Subject : Agriculture/Biology/ Mathmatics (Any one) | 70 |
| | कुल अंक | 100 |

नोट : 1. कृषि स्नातक प्रवेश परीक्षा हेतु छात्र कृषि/ जीव विज्ञान/गणित में से एक विषय का चयन इण्टरमीडिएट विषय के अनुसार करें।

2. B.Sc. (Ag) प्रवेश परीक्षा हेतु विषय का इण्टरमीडिएट स्तर का ज्ञान होना वांछित है।
M.Sc.(Ag) प्रवेश परीक्षा हेतु विषय का स्नातक स्तर का ज्ञान वांछित है।

3. सभी प्रश्न बहुविकल्पीय होगें। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। निगेटिव मार्किंग नही होगी।

4. प्रश्न पत्र की अवधि दो घंटे की होगी।







## Prof. Surya Narayan
**Admission Coordinator**











## Prof. Prabha Shankar Shukla
Vice-Chacellor
NEHU, Shillong (Meghalaya)
ALUMNI BATCH 1988

# Our Medalists

**Session 2024-25**



**Mohd. Amaan**
B.Sc. (Biotech)
Gold Medal



**Ms. Varnika kushwaha**
B.Sc. (Biotech)
Silver Medal



**Ms. Sanya Ansari**
B.Sc. (Biotech)
Bronze Medal



**Krishna Kumar Sharma**
B.Sc. (Ag.)
Gold Medal



**Lav Kush**
M.Sc.(Ag) Horticulture
Silver Medal



**Rahul Kumar**
M.Sc.(Ag.) Ag. Economics
Gold Medal



**Abhinesh Yadav**
M.Sc. (Ag.) Ag. Economics
Silver Medal



**Ms. Jyotsna Maurya**
M.Sc. (Ag.) Ag. Economics
Bronze Medal



**Uttam Singh**
M.Sc. (Ag.) Ag.Extension
Gold Medal

# कुलभास्कर आश्रम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, प्रयागराज

( सम्बद्ध : प्रो. राजेन्द्र सिंह ( रज्जू भय्या ) विश्वविद्यालय, प्रयागराज )

( यू.जी.सी. चयनित उच्च गुणवत्ता क्षमता युक्त महाविद्यालय व नैक द्वारा A ग्रेड प्रत्यायित )

web.: kulbhaskarpgcollege.org * Email : kapgcollegealld@gmail.com

सम्पर्क समय: प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक

सम्पर्क मो.नं. 9450612884, 9794544041, 9506313791, 6392080159